श्री वीरेन्द्र वर्मा : क्या माननीय मंत्री जी यह बताने की कृपा करेंगे कि कैमल्ज जो कैरियर्ज थे उनके ऊपर जो आदमी बैठे हुए थे जो आपने शूट आउट किया जिसमें आपने यह बताया 6 केमल थे तो क्या कोई आदमी भी पकड़ा गया है या नहीं ? अगर पकड़ा नहीं गया तो क्या यह सही है कि वे जोंगा में भाग गये ?

श्री अरुण नेहरू : मैंने जो पहले जवाब दिया है वह आप ने सुना नहीं, मैंने तो जोंगा की कोई बात नहीं की । मैंने तो यह कहा कि 6 केमल मारे गये । (व्यवधान) यह जवाब मैं पहले ही दे चुका हूं कि आदमी तो नहीं पकड़े गये (व्यवधान)

श्री वीरेन्द्र वर्मा : तो वगैर आदमियों के वे केमल्स थे . . . (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Question hour is over.

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

प्रधान मंत्री कार्यालय में हिन्दी सलाहकार समिति

*244. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव**: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रधान मंत्री कार्यालय में हिन्दी सलाहकार समिति का गठन नहीं हुआ है तथा गत तीन वर्षों में नियमानुसार इसकी चार बैठकें नहीं कराई गयी हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि भाषा के संवर्धन तथा प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक समझे जाने वाली आधुनिक यांत्रिक सुविधाओं, जैसे टेलीप्रिंटर, टैलेक्स, कंम्प्यूटर तथा इलैक्ट्रानिक टंकण यंत्रों का नितांत अभाव है और राजभाषा का सालाना आगामी कार्यक्रम पिछले ग्यारह वर्षों से पूरा नहीं किया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या प्रभावकारी कदम उठाये गये हैं ?

गृह मंत्री (श्री एस०बी० चव्हाण) (क) से (ग) सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन तथा वार्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति की प्रगति पर नजर रखने और मानिटर करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सम्बन्धित केन्द्रीय मंत्रियों के अधीन हिन्दी सलाहकार समितियां गठित की गई हैं । प्रधान मंत्री "कार्यालय" में इस प्रकार की समिति गठित करने की कोई आवश्यकता नहीं समझी गई ।

2. द्विभाषी यांत्रिक उपकरण जैसे– टेलीप्रिंटर, इलैक्ट्रानिक टाइपराइटर और कम्प्यूटर आदि का देश में ही विकास करने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं और अब ये उपकरण बाजार में उपलब्ध हैं । सी० एम० सी० लिमिटेड ने "लिपि" नामक एक बहुभाषी शब्द संसाधक तैयार किया है । इसी प्रकार डी० सी० एम० डाटा प्रोडक्ट द्वारा "सिद्धार्थ" नामक द्विभाषी शब्द संसाधक का निर्माण किया गया है । आशा है कि 1986 तक हिन्दुस्तान टेलीप्रिंटर लिमिटेड, मद्रास, द्विभाषी इलैक्ट्रानिक टेलीप्रिंटर का निर्माण कर लेंगे । इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टैक्नालाजी, कानपुर ने एक द्विभाषी कम्पयूटर टर्मिनल का विकास किया है । चूंकि अब द्विभाषी यांत्रिक उपकरण बाजार में उपलब्ध हैं, अतः केन्द्रीय सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों को निर्देश दिये गये हैं कि वे यथा संभव अपने कार्यालय उपयोग के लिए द्विभाषी उपकरण ही खरीदें ।

Involvement of Afghan National Refugees in Narcotic Smuggling

*240. SHRI RAM NARESH KUSHAWAHA :
SHRI SUSHIL CHAND MOHANTA :

Will the Ministers of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) what is the number of Afghan national refugees in the country arrested during the last two years, year-wise, for selling/smuggling narcotics into the country; and